दीपक सिंह सरीन
राष्ट्रीय संयोजक
® Registered in (12A)-(80G)
facebook.com/deepaksarinpoet
instagram.com/deepak_sarinji
twitter.com/Deepak_sarinji
deepak.sarinji@gmail.com

# Papa

9557300600
9557201957
twitter.com/AgraPapa
facebook.com/papa.society
papaji.society@gmail.com
www.papatrust.org
DOWNLOAD APP
PAPA NGO

## PROGRESSIVE ASSOCIATION OF PARENTS AWARENESS®

**अभिभावक हित व छात्र, छात्राओं के समग्र विकास को समर्पित संस्था**

**पत्राचार कार्यालय: 146 EWS, सेक्टर 11A, आवास विकास कॉलोनी, सिकन्दरा, आगरा - 282007**

पत्रांक 776

दिनांक 16/6/2025

DIOS/BSA
वृ० स्वयं संज्ञान लेकर
नि० जाँच कर समस्या का
समाधान कराते हुये अवगत करायें।
16/06/2025

सेवा में,
श्रीमान जिलाधिकारी महोदय
जिला आगरा.

विषय :- दो बच्चों के स्कूल छोड़ देने के पश्चात टीसी देने के एवज में अवैध रूप से एक क्वार्टर फ़ीस की मांग के संदर्भ में.

देवस अधिकारी
जिलाधिकारी
आगरा

महोदय,

आपको सादर अवगत कराना चाहेंगे कि हमारी संस्था में दो अलग-अलग अभिभावकों ने श्री राम सेनेटियल स्कूल, दयालबाग के विरुद्ध टीसी देने के एवज में एक क्वार्टर फ़ीस की मांग करने संबंधित शिकायत दर्ज कराई है

– शिकायत 1, विनय अग्रवाल, निवासी 17, विमल वाटिका, कर्मयोगी, कमलानगर, आगरा ने बताया कि उनकी बेटी वोकल में पढ़ाई करना चाहती थी और स्कूल में 11वीं में वोकल सब्जेक्ट न होने के कारण उन्होंने अपनी बेटी का दाखिला अन्य स्कूल में मार्च माह में ही करा दिया था स्कूल के द्वारा टीसी नहीं दी जा रही है जबकि पिछली कक्षाओ की पूरी फ़ीस भरी जा चुकी है

– शिकायत 2, सुनील अग्रवाल निवासी ने बताया कि उन्होंने भी अपनी बेटे का दाखिला कक्षा 6 मे दूसरे स्कूल में करा दिया है लेकिन श्री राम स्कूल टीसी देने की आवाज में एक क्वार्टर फीस की मांग पर अड़ा हुआ है जबकि हमने उन्हें मार्च में ही बता दिया था और पिछली कक्षाओ की पूरी फ़ीस भरी जा चुकी है

आदरणीय महोदय, जैसा कि आपको विदित ही है कि अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत और एजुकेशन एक्ट अमेंडमेंट 2018 के अनुसार कोई भी विद्यालय टीसी और कैरेक्टर सर्टिफिकेट देने के नाम पर किसी भी प्रकार के अतिरिक्त धनराशि की मांग नहीं कर सकता यह पूर्ण रूप से अवैध है, इतना ही नहीं आगरा के सैकड़ो स्कूल टीसी और कैरक्टर सर्टिफिकेट देने के नाम पर कुछ ना कुछ रुपयों की मांग अभिभावकों से करते ही रहते हैं-

P.T.O



आपसे अनुरोध है कि उक्त समस्या को संज्ञान में लेते हुए उपरोक्त दोनों अभिभावकों की टीसी दिलाने की कृपा करते हुए आगरा जिले के समस्त स्कूलों के लिए इसी आशय से संबंधित आदेश जारी करने की कृपा करें की टीसी और कैरेक्टर सर्टिफिकेट देने के नाम पर आगरा जिले का कोई भी स्कूल (समस्त बोर्ड) किसी तरह के नाजायज पैसे की मांग ना करें.

आपके सहयोग के अभिलाषी.

धन्यवाद
दीपक सिंह सरीन

Progressive Association of Parents Awareness
Auth. Sign.